Sl.No. :

नामांक Roll No.

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

No. of Questions – 15

No. of Printed Pages – 07

**SS–01–Hindi (C) (D & D)**

# उच्च माध्यमिक (मूक - बधिर) परीक्षा, 2016

## हिन्दी (अनिवार्य)

**समय** : 4¼ **घण्टे**

**पूर्णांक** : 80

**परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश :**

1) परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्न पत्र पर नामांक अनिवार्यतः लिखें ।

2) सभी प्रश्न करने अनिवार्य हैं ।

3) प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर - पुस्तिका में निर्धारित शब्द - सीमा में लिखें।

4) जिस प्रश्न के अ,ब,स , द भाग हैं, उन सभी भागों का हल एक साथ सतत् लिखें।

यहाँ से काटिए

प्रश्न पत्र को खोलने के लिए यहाँ फाड़ें

यहाँ से काटिए

## खण्ड – अ

1) निम्नलिखित अपठित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए: [4 × 2 = 8]

(उत्तर – सीमा 20 से 40 शब्द हैं।)

राष्ट्रनायकों का हे पुन: करो अभिवादन,
जीर्ण जाति में भरा जिन्होंने नूतन जीवन?
स्वर्ण शस्य बाँधों भू वेणी में युवती जन,
बनो वज्र प्राचीर राष्ट्र की वीर युवकगण?
लोह संगठित बने भारत का जीवन,
हों शिक्षित संपन्न क्षुधातुर नग्न भग्न जन?
मुक्ति नहीं पलती दृगजल से हो अभिसिंचित,
संयम तप के रक्त स्वेद से होती पोषित?
मुक्ति माँगती कर्म वचन मन प्राण समर्पण,
वृद्ध राष्ट्र को वीर युवकगण, दो निज यौवन?

अ) कवि राष्ट्रनायकों का अभिवादन क्यों कराना चाहता है? [2]

ब) 'स्वर्ण शस्य' से क्या तात्पर्य है? [2]

स) भारतवासियों का जीवन किस प्रकार का बनने की कामना की गई है? [2]

द) मुक्ति या स्वतन्त्रता के लिए आवश्यक तत्व लिखिए। [2]

2) निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए:– [4 × 2 = 8]

(प्रत्येक प्रश्न के लिए उत्तर – सीमा 20 से 40 शब्द हैं।)

मनुष्य की सबसे महत्त्वपूर्ण उपलब्धि उसका मस्तिष्क है।

मस्तिष्क को विकसित करने का महत्त्वपूर्ण माध्यम शिक्षा है और शिक्षा देने का महत्त्वपूर्ण जरिया अक्षर – ज्ञान है।

इसलिए साक्षर होना मानव विकास की कुंजी है। एक विकसित समाज जितना ध्यान अपने यहाँ कारखाने खोलने, बांध और सड़कें बनाने पर देता है उससे कहीं अधिक ध्यान वह अपने नागरिकों को शिक्षित करने पर देता है।

अ) मस्तिष्क को किस प्रकार विकसित किया जा सकता हैं? [2]

ब) 'साक्षर होना मानव विकास की कुंजी है,' इस कथन को समझाइए। [2]

स) 'विकसित' शब्द में से मूल शब्द व प्रत्यय पृथक करके लिखिए। [1+1=2]

द) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक दीजिए। [2]

## खण्ड – ब

3) निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर 150 शब्दों में निबन्ध लिखिए:– [7]

अ) राष्ट्र निर्माण में युवाओं का योगदान

ब) आतंकवाद

स) विज्ञान के चमत्कार

द) बालिका शिक्षा

य) स्वावलम्बन

4) 'स्वच्छता के लिए दौड़' अथवा 'विज्ञान – मेले के आयोजन' पर समाचार पत्र में प्रकाशित करने हेतु एक रिपोर्ट अथवा प्रतिवेदन लिखिए। [4]

(उत्तर – सीमा 80 से 100 शब्द)

5) आप घर से दूर रह कर अध्ययन कर रहे हैं। विद्यालय के प्रधानाचार्य को विद्यालय समय में अपने पास मोबाइल फोन रखने की अनुमति मांगते हुए एक पत्र लिखिए। [3]

(उत्तर – सीमा 80 से 100 शब्द)

अथवा

आप विज्ञान विषय के छात्र है। विज्ञान विषय हेतु अतिरिक्त कक्षाओं की आवश्यकता बताते हुए प्रारम्भ कराने हेतु अपने प्रधानाचार्य को एक पत्र लिखिए। [3]

(उत्तर – सीमा 80 से 100 शब्द)

6) निम्नांकित विषयों में से किसी एक विषय पर आलेख लिखिए:– [4]

(उत्तर – सीमा 80 से 100 शब्द)

अ) पल्स पोलिओ अभियान

ब) फिल्मों का समाज पर प्रभाव

स) जंगल और जीवन

7) निम्नांकित विषयों में से किसी एक विषय पर फीचर लिखिए:– [4]

(उत्तर – सीमा 80 से 100 शब्द)

अ) भारत में सोने के प्रति आकर्षण

ब) इम्तहान । परीक्षा के दिन

स) ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा की स्थिति

## खण्ड – स

8) निम्नांकित पठित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए:– [3 × 2 = 6]

(प्रत्येक प्रश्न के लिए उत्तर – सीमा 20 से 40 शब्द हैं।)

हो जाए न पथ में रात कहीं,
मंजिल भी तो है दूर नहीं–
यह सोच थका दिन का पंथी भी जल्दी – जल्दी चलता है?
दिन जल्दी – जल्दी ढलता है।
बच्चे प्रत्याशा में होंगे,
नीड़ों से झाँक रहे होंगे–
यह ध्यान परों में चिड़ियों के भरता कितनी चंचलता है?
दिन जल्दी – जल्दी ढलता है?
मुझसे मिलने को कौन विकल?
मैं होऊँ किसके हित चंचल?
यह प्रश्न शिथिल करता पद को, भरता डर में विह्वलता है?
दिन जल्दी – जल्दी ढलता है?

अ) थका हुआ व्यक्ति भी क्या सोच कर जल्दी – जल्दी चलता है? [2]

ब) ''बच्चे प्रत्याशा में होंगे, नीड़ों से झाँक रहे होंगे,''– इस कथन का आशय स्पष्ट करें। [2]

स) कवि क्यों व्याकुल है? [2]

अथवा

जब वे पेंग भरते हुए चले आते हैं
डाल की तरह लचीले वेग से अक्सर
छतों के खतरनाक किनारों तक–
उस समय गिरने से बचाता हैं उन्हें
सिर्फ़ उनके ही रोमांचित शरीर का संगीत
पतंगों की धड़कती ऊँचाइयाँ उन्हें थाम लेती हैं
महज एक धागे के सहारे
पतंगों के साथ – साथ वे भी उड़ रहे हैं
अपने रंध्रों के सहारे
अगर वे कभी गिरते हैं छतों के खतरनाक किनारों से
और बच जाते हैं तब तो
और भी निडर होकर सुनहले सूरज के सामने आते हैं।

अ) 'डाल की तरह लचीले वेग से' – क्या तात्पर्य हैं? [2]

ब) बच्चों को गिरने से कौन बचाता है? [2]

स) पतंग उड़ाते समय बच्चों को क्या अनुभव होता है? [2]

9) निम्नांकित पठित काव्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए:- [2 × 2 = 4]

(प्रत्येक प्रश्न के लिए उत्तर - सीमा 20 से 40 शब्द हैं।)

प्रभु प्रलाप सुनि कान बिकल भए बानर निकर

आइ गयउ हनुमान जिमि करुना मँह बीर रस।।

अ) पठित काव्यांश का भाव स्पष्ट कीजिए। [2]

ब) पठित काव्यांश का कला या शिल्प सौन्दर्य लिखिए। [2]

अथवा

नहला के छलके - छलके निर्मल जल से

उलझे हुए गेसुओं में कंघी करके

किस प्यार से देखता है बच्चा मुँह को

जब घुटनियों में ले के है पिन्हाती कपड़े

अ) पठित काव्यांश का भाव - सौन्दर्य लिखिए। [2]

ब) पठित काव्यांश का कला अथवा शिल्प सौन्दर्य लिखिए। [2]

10) पठित कविताओं की विषय - वस्तु से संबंधित दिए गए प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए :- [2 × 2 ½ = 5]

अ) बात और भाषा परस्पर जुड़े होते हैं, किंतु कभी - कभी भाषा के चक्कर में 'सीधी बात भी टेढ़ी हो जाती है' कैसे? [2 ½]

(उत्तर - सीमा 40 से 60 शब्द)

ब) 'कैमरे में बंद अपाहिज' कविता का मूल भाव लिखिए। [2 ½]

(उत्तर - सीमा 40 से 60 शब्द)

स) 'सहर्ष स्वीकारा है' कविता में कवि किन स्थितियों को सहर्ष स्वीकारना चाह रहा है और क्यों? (उत्तर सीमा 40 से 60 शब्द) [2 ½]

**11)** निम्नलिखित पठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए:– **[4 × 2 = 8]**

(प्रत्येक प्रश्न के लिए उत्तर – सीमा 20 से 40 शब्द हैं।)

बाजार से हठपूर्वक विमुखता उनमें नहीं है; लेकिन अगर उन्हें जीरा और काला नमक चाहिए तो सारे चौक – बाज़ार की सत्ता उनके लिए तभी तक है, तभी तक उपयोगी है, जब तक वहाँ जीरा मिलता है। ज़रूरत भर जीरा वहाँ से ले लिया कि फिर सारा चौक उनके लिए आसानी से नहीं के बराबर हो जाता है। वह जानते हैं की जो उन्हें चाहिए वह है जीरा नमक । बस इस निश्चित प्रतीति के बल पर शेष सब चाँदनी चौक का आमंत्रण उन पर व्यर्थ होकर बिखरा रहता है। चौक की चाँदनी दाएँ–बाएँ भूखी–की–भूखी फैली रह जाती है___।

अ) 'बाज़ार से हठपूर्वक विमुखता' का क्या तात्पर्य है? **[2]**

ब) भगत जी के लिए चौक – बाज़ार की सत्ता कब तक है? **[2]**

स) सारा बाज़ार भगत जी के लिए नहीं के बराबर कब हो जाता है? **[2]**

द) चाँदनी चौक का आमन्त्रण कब व्यर्थ हो जाता है? **[2]**

अथवा

वह मेरे न जाने की कल्पना से इतनी प्रसन्न नहीं होती, जितनी अपने साथ न जा सकने की संभावना से अपमानित। भला ऐसा अंधेर हो सकता है। जहाँ मालिक वहाँ नौकर – मालिक को ले जाकर बंद कर देने में इतना अन्याय नहीं; पर नौकर को अकेले मुक्त छोड़ देने में पहाड़ के बराबर अन्याय है। ऐसा अन्याय होने पर भक्तिन को बड़े लाट तक लड़ना पड़ेगा। किसी की माई यदि बडे लाट तक नहीं लड़ी, तो नहीं लड़ी; पर भक्तिन का तो बिना लड़े काम ही नहीं चल सकता।

अ) भक्तिन को किस बात से अपना अपमान प्रतीत होता था? **[2]**

ब) भक्तिन की दृष्टि में अंधेर क्या था? **[2]**

स) 'पहाड़ के बराबर अन्याय' भक्तिन ने किसे माना है? **[2]**

द) भक्तिन 'बड़े लाट' से क्यों लड़ना चाहती थी? **[2]**

**12)** पाठों की विषय – वस्तु पर आधारित निम्नांकित प्रश्नों के उत्तर लिखिए:–

अ) पानी के संदर्भ में लेखक व जीजी के विचारों में क्या विरोध था? स्पष्ट कीजिए। **[2]**
(उत्तर – सीमा 20 से 40 शब्द)

ब) पहलवान की ढोलक मृत गाँव में संजीवनी शक्ति कैसे भरती थी? **[2]**
(उत्तर – सीमा 20 से 40 शब्द)

स) ''चैप्लिन ने न सिर्फ फ़िल्म कला को लोकतान्त्रिक बनाया बल्कि दर्शकों की वर्ग तथा वर्ण – व्यवस्था को तोड़ा।'' इस कथन की उदाहरण द्वारा व्याख्या करें। **[3]**
(उत्तर – सीमा 40 से 60 शब्द)

अथवा

शिरीष, कबीर व कालिदास; तीनों के मध्य में लेखक हजारी प्रसाद द्विवेदी ने क्या समानताएँ बताई हैं? विश्लेषण कीजिए। **[3]**

## खण्ड – द

13) पाठों की विषय –वस्तु पर आधारित किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए:– [2 × 3 = 6]

(प्रत्येक प्रश्न के लिए उत्तर – सीमा 40 से 60 शब्द है।)

अ) किशनदा की कौन – कौन सी परम्पराएँ यशोधर बाबू को प्राप्त हुई थी? यशोधर बाबू की पत्नी के उन परम्पराओं के प्रति क्या विचार थे? [3]

ब) ''लेकिन अब अकेलेपन से कोई ऊब नहीं होती।'' 'जूझ' में लेखक द्वारा यह वाक्य क्यों कहा गया? स्पष्ट कीजिए। [3]

स) एन फ्रेंक और उसका परिवार अज्ञात – वास के दिनों को कैसे व्यतीत करते थे? 'डायरी के पन्ने' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए। [3]

14) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए:– [2 × 1½ = 3]

(प्रत्येक प्रश्न के लिए उत्तर – सीमा 20 से 30 शब्द है।)

अ) ''सीखना हर एक की बात ठहरी, लेकिन अपनी छोड़नी नहीं हुई।'' यशोधर बाबू ने यह वाक्य कब और क्यों कहा? 'सिल्वर वैडिंग' के आधार पर स्पष्ट कीजिए। [1½]

ब) हडप्पा संस्कृति को 'लो – प्रोफ़ाइल' सभ्यता क्यों कहा गया है? [1½]

स) एन – फ्रेंक को अपने पन्द्रहवें जन्मदिवस को उपहार में कौन – कौन सी वस्तुएँ प्राप्त हुई? 'डायरी के पन्ने' पाठ के आधार पर उत्तर दीजिए? [1½]

15) विषय – वस्तु पर आधारित दिए गए प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर दीजिए:– [1 × 3 = 3]

(उत्तर – सीमा 40 से 60 शब्द।)

अ) मुअनजो – दड़ों के अजायबघर में कौन – कौन सी वस्तुओं को दर्शाया गया है? इन वस्तुओं के आधार पर मुअनजो – दड़ों के लोगों के बारे में क्या अनुमान लगाया जा सकता है? [3]

ब) एन फ्रेंक के ऊपर सबसे ज्यादा कौन – कौन आरोप लगाते रहते थें तथा एन फ्रेंक के अपने प्रति क्या विचार थे?

DO NOT WRITE ANYTHING HERE